भारत सरकार

सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं:. 2555

उत्तर देने की तारीख :04.08.2026

प्रधानमंत्री अनुसूचित जाति अभ्युदय योजना

2555. श्री राजा राम सिंह:

क्या सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या पिछले तीन वर्षों के दौरान प्रधानमंत्री अनुसूचित जाति अभ्युदय योजना (पीएम-अजय) के अंतर्गत काराकाट लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र के किसी गांव या ब्लॉक का चयन किया गया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) पिछले तीन वर्षों के दौरान इस योजना के अंतर्गत रोहतास और औरंगाबाद जिलों के लिए स्वीकृत, जारी और उपयोग की गई निधि का घटक-वार ब्यौरा क्या है;

(ग) इस योजना के अंतर्गत कौशल विकास, आय सृजित करने वाली परिसंपत्तियों और अवसंरचनात्मक सहायता प्रदान किए गए अनुसूचित जाति के लाभार्थियों की संख्या कितनी है; और

(घ) क्या सरकार का इस निर्वाचन क्षेत्र के अतिरिक्त अनुसूचित जाति बहुल गांवों में पीएम-अजय का विस्तार करने का विचार है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

सामाजिक न्याय और अधिकारिता राज्य मंत्री

(श्री रामदास आठवले)

(क): पिछले तीन वर्षों के दौरान काराकाट लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र में प्रधानमंत्री अनुसूचित जाति अभ्युदय योजना (पीएम-अजय) के आदर्श ग्राम घटक के तहत किसी भी गांव का चयन नहीं किया गया है।

(ख): पीएम-अजय योजना के तहत, निधियां जिलावार जारी नहीं की जाती हैं। बल्कि, निधियां संबंधित राज्य सरकारों/संघ राज्य क्षेत्र प्रशासनों को जारी की जाती हैं, जो कार्यान्वयन एजेंसियां हैं। पिछले तीन वर्षों के दौरान, पीएम-अजय योजना के सहायता अनुदान घटक के तहत बिहार सरकार को 12.59 करोड़ रूपये जारी किए गए हैं, जिसमें से 9.19 करोड़ रूपये का उपयोग किया जा चुका है। बिहार राज्य सरकार द्वारा दी गई सूचना के अनुसार, इस योजना के तहत रोहतास और औरंगाबाद जिलों को कोई निधि जारी नहीं की गई है। पीएम-अजय योजना के आदर्श ग्राम और छात्रावास घटक के तहत भी कोई निधि जारी नहीं की गई है।

(ग): बिहार राज्य सरकार द्वारा दी गई सूचना के अनुसार, पिछले तीन वर्षों के दौरान पीएम-अजय योजना के सहायता अनुदान (जीआईए) घटक के तहत अनुसूचित जाति के 9,191 लाभार्थी लाभान्वित हुए हैं।

(घ): पीएम-अजय के आदर्श ग्राम घटक के तहत, वित्त वर्ष 2026-27 के दौरान औरंगाबाद जिले के 238 गांवों और रोहतास जिले के 161 गांवों का चयन किया गया है।

*****